**निदेशालय तकनीकी शिक्षा,**
**व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर।**

**हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र 2025-2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश में एस०सी०वी०टी० के अंतर्गत संचालित व्यवसायों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 12 से 20 सितंबर 2025 तक (केवल कार्य दिवसों में) संस्थान स्तर पर स्पॉट राउंड आयोजित किये जाने की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु दी गई थी जोकि दिनांक 07 एवं 08 सितम्बर, 2025 को दिव्य हिमाचल एवं द ट्रिब्यून समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी। इसी क्रम में सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, प्रशिक्षण महानिदेशालय नई दिल्ली के द्वारा एन०सी०वी०ई०टी० के अंतर्गत चल रहे व्यवसायों के लिए प्रवेश तिथि बढ़ाकर 30.09.2025 कर दी गई है। अतः अब औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एस०सी०वी०टी०/ एन०सी०वी०ई०टी० के अंतर्गत संचालित व्यवसायों में रिक्त रही सीटों में प्रवेश हेतु स्पॉट राउंड दिनांक 15.09.2025 से 30.09.2025 तक (केवल कार्य दिवसों में) आयोजित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में भाग लेने हेतु ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है, जो अभ्यर्थी ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं वे अपना पंजीकरण ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर कर सकते हैं। पहले से पंजीकृत एवं नए पंजीकृत अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर, आवश्यक दस्तावेजों एवं फोटो पहचान पत्र सहित संबंधित संस्थान में व्यक्तिगत रूप से प्रातः 09:30 बजे से 12:30 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है। प्रतिदिन प्राप्त आवेदनों के आधार पर उसी दिन की मेरिट सूची तैयार की जाएगी और मेरिट के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। पूर्व दिवस की मेरिट सूची मान्य नहीं होगी। प्रवेश मिलने की स्थिति में अभ्यर्थियों को उसी समय संस्थान में निर्धारित शुल्क एवं फंड जमा करवाने होंगे। रिक्त सीटों की जानकारी संबंधित संस्थान से व्यक्तिगत रूप से या दूरभाष के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

निदेशक
तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर